# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 5 मार्च 2024, मंगलवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा जलगांव (महाराष्ट्र) में आयोजित 'युवा सम्मेलन' में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु**

**ये लोकसभा चुनाव युवाओं के उज्जवल भविष्य और महान भारत की रचना के लिए है**

*****************

**घमंडिया घठबंधन सिर्फ अपने परिवार के लिए है, देश के 130 देशवासियों के लिए मोदी जी हैं**

*****************

**युवाओं का वोट उस पार्टी को हो जो देश को विश्वगुरु के स्थान पर पहुंचाए**

*****************

**मोदी जी के बायोडाटा में है 10 साल का हिसाब और 25 साल का विज़न**

*****************

**मोदी सरकार ने युवाओं के लिए स्पेस से लेकर सेमीकंडक्टर, डिजिटल से लेकर ड्रोन तक, AI से लेकर वैक्सीन तक और 5जी से लेकर फिनटेक तक दरवाजे खोले**

*****************

**मोदी जी का लक्ष्य है देश को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना, 2035 तक अंतरिक्ष में स्टेशन स्थापित करना, 2036 में ऑलंपिक आयोजन और 2040 में चांद पर भारतीय एस्ट्रोनॉट भेजना**

*****************

**महाविकास अघाड़ी महाराष्ट्र का विकास नहीं कर सकती, उनके ऑटो के तीनों पहिए पंक्चर हैं**

*****************

**भाजपा को वोट मतलब - युवाओं का उज्ज्वल भविष्य, महान भारत की रचना और मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना**

*****************

**एनसीपी 50 साल तो दूर, पिछले 5 साल का भी हिसाब नहीं दे सकती**

*****************

**जो पार्टी अपने परिवार को बढ़ावा देती है वह देश का लोकतंत्र को मजबूत नहीं कर सकती। INDI गठबंधन के सभी दल परिवारवाद से ग्रसित हैं**

*****************

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज मंगलवार को महाराष्ट्र के जलगांव में आयोजित विशाल युवा सम्मेलन को संबोधित किया और जातिवाद, परिवारवाद एवं तुष्टिकरण की राजनीति को लेकर कांग्रेस एवं महाविकास अघाड़ी पर जम कर हमला बोला। उन्होंने युवाओं से आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में नए भारत के

निर्माण में आगे बढ़ कर अपना योगदान करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फड़णवीस, महाराष्ट्र भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री चंद्रशेखर बावनकुले और महाराष्ट्र के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री श्री गिरीश महाजन सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। श्री शाह ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार की उपलब्धियों को युवाओं के समक्ष रखा और साथ ही कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार और परिवारवादी राजनीति के बारे में बताया। इसके साथ ही उन्होंने युवाओं के साथ देशभर में एनडीए को 400 से अधिक सीटों पर विजयी बनाने का संकल्प लिया।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मराठा सम्राट शिवाजी महाराज लंबे कालखंड की पराधीनता के बाद देशवासियों में स्वतंत्रता की भावना जगाई थी, और आज जिस सम्मान के साथ भारत पूरे विश्व में खड़ा है उसकी नींव शिवाजी महाराज ने ही रखी थी। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बात करते हुए श्री शाह ने कहा कि ये चुनाव आदरणीय प्रधानमंत्री को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने या भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने का नहीं, अपितु **ये चुनाव 2047 तक देश को आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने का चुनाव है।** ये चुनाव भारत के युवाओं और देश के भविष्य का चुनाव है।

श्री शाह ने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी को वोट देना मतलब युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए, महान भारत की रचना के लिए और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट देना है।** पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को यह सोचना चाहिए उनका मत भारत माता को विश्व गुरु के स्थान पर ले जा सकता है, जिससे महान भारत की रचना हो सकती है। **जो पार्टी अपने परिवार को बढ़ावा देती है वह देश का लोकतंत्र को मजबूत नहीं कर सकती।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले **इंडी गठबंधन के सभी दल परिवारवाद से ग्रसित हैं। सोनिया गांधी, ममता बनर्जी, लालू यादव, शरद पवार, अखिलेश यादव और स्टालिन सहित तमाम विपक्षी नेता अपने बेटे भतीजे को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं, अपने परिवार को आगे बढ़ाना चाहते हैं लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 140 करोड़ देशवासियों का कल्याण चाहते हैं।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा देश के युवाओं के भविष्य के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूरे 130 करोड़ मतदाताओं के सामने विकसित भारत और महान भारत का लक्ष्य रखा है। कांग्रेस शासन में आए दिन पाकिस्तान के आतंकवादी भारत में आतंकवादी विस्फोट जैसी नापाक घटनाओं को अंजाम दे देते थे और सरकार कुछ नहीं करती थी। **मगर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 10 वर्षों के कार्यकाल में भारतीय सुरक्षा बलों ने उरी और पुलवामा में हमला कर आतंकवादी हमले का उचित जवाब दिया और दस दिन के भीतर पाकिस्तान के घर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया।** धारा 370 को हटाकर कश्मीर को भारत का अहम हिस्सा बनाया जिसको कांग्रेस ने 70 साल से लटकाकर रखा था। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आतंकवाद और नक्सलवाद से बचाने का काम किया है। उन्होंने कहा **पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी जी भारत को ग्यारहवें नंबर की अर्थव्यवस्था बनाकर गए थे, मगर कांग्रेस ने 10 वर्षों में कोई विकास नही किया। कांग्रेस के बाद आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अर्थव्यवस्था को ग्यारहवें स्थान से पाचवें स्थान पर पहुंचा दिया। मोदी की गारंटी है तीसरा टर्म में भारत को तीसरी अर्थव्यवस्था बनाना।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 10 साल के कार्यकाल में टेक्नोलॉजी, मेडिकल और सभी क्षेत्र में भारत के युवाओं के लिए दरवाजे खोल दिए है। **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के पास रिपोर्ट कार्ड भी है और 25 साल का विजन भी है।**

श्री शाह ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि आज वैश्विक मानचित्र पर भारत ब्राइट स्पॉट बनके उबरा है। **विगत 10 सालों में हर हफ्ते एक विश्वविद्यालय खोला गया है। हर दिन दो नए कॉलेज खोले गए, 55 पेटेंट्स और 600 ट्रेडमार्क रजिस्टर किए गए, 1.50 लाख युवाओं को मुद्रा लोन दिए गए, 37 नए स्टार्टअप बने, 16 हजार करोड़ डिजिटल लेनदेन हुए, 3 सस्ती दवाई की दुकानें खुलीं, 14 किलोमीटर रेलवे ट्रैक बनाया गया, 50 हजार गरीब महिलाओं को गैस सिलेंडर दिए, 75 हजार लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है और 10 साल तक हर सेकेंड एक गरीब के घर में नल से जल पहुंचाया गया है।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार पर निशाना साधते हुए कहा एनसीपी 50 साल का तो दूर जनता को 5 साल का भी हिसाब नहीं दे सकती। भाजपा का तो 10 साल का हिसाब देने आई है। केंद्रीय गृह मंत्री ने युवाओं से आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार 400 सीट पार के बहुमत से जीत दिलाने की अपील की। श्री अमित शाह ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि इस देश में राम मंदिर और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर पहले ही बन जाना चाहिए था लेकिन **कांग्रेस ने वोटबैंक के डर से 70 वर्षों तक रामलला को टेंट में रखा।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भूमि पूजन भी किया और प्राण प्रतिष्ठा कर अयोध्या में राम लला को विराजमान भी किया। इसके अलावा काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनाया। **कांग्रेस ने वन रैंक वन पेंशन 40 वर्षों से अटका रखा था लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस भी लागू किया। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू कर विधानसभा और लोकसभा में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित कर देश की मातृशक्ति का सशक्त किया है।** तीन तलाक को समाप्त कर मुस्लिम महिलाओं के साथ न्याय किया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 80 करोड़ से अधिक लोगों को निशुल्क खाद्यान्न दिया, 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाकर महिलाओं और बच्चियों को सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिया, 12 करोड़ लोगों को सिलेंडर दिए, 4 करोड़ लोगों के आवास बनाए, 14 करोड़ लोगों को नल से जल दिया और 11 करोड़ से अधिक किसानों को प्रति वर्ष 6000 रुपए किसान सम्मान निधि देकर उन्हें सशक्त बनाया।

श्री शाह ने कहा कि भाजपा सरकार ने पूरे देश के 130 करोड़ लोगों को 200 करोड़ से अधिक निशुल्क वैक्सीन लगाकर कोरोना महामारी से सुरक्षित किया। इसके अलावा विश्व के 100 देशों में वैक्सीन भेजकर भारत को विश्वमित्र बनाया। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य 2030 तक भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना, 2035 तक अंतरिक्ष में भारतीय स्टेशन स्थापित करना, 2036 में ओलंपिक की मेजबानी और 2040 में चंद्रमा पर भारतीय को लैंड कर मून मिशन को पूरा करने का है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने युवाओं के लिए कई उच्च संस्थान खोले, स्किल इंडिया मिशन के अंतर्गत 1 करोड़ 40 लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया, आईआईटी सीटों की संख्या 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार की, इनकी नीतियों के कारण 1 लाख से ज्यादा स्टार्टअप खुले और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत 24 लाख करोड़ रुपए का लोन दिया गया। जनकल्याणकारी नीतियों को लागू कर देश को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि एक ओर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी चंद्रयान लॉन्च कर रहे हैं दूसरी ओर सोनिया गांधी 20वीं बार राहुल गांधी को लॉन्च कर रही हैं। ये राहुल यान 19 बार लॉन्च होकर असफल हो गया। **श्री शाह ने महाविकास अघाड़ी पर तंज कसते हुए कहा कि महाविकास अघाड़ी एक तीन पहिए वाला ऑटो है जिसके तीनों पहिए पंक्चर हो चुके हैं।** इनकी सरकार कभी महाराष्ट्र का विकास नहीं कर सकती। आज युवाओं के सामने दो विकल्प हैं जिनमें एक ओर अपने बेटे, बेटी और भतीजे का कल्याण करने वाला इंडी गठबंधन है और दूसरी ओर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभक्तों का गठबंधन एनडीए है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने तय किया है महान भारत की रचना करेंगे और इसकी एक छोटी सी तस्वीर जी-20 के आयोजन के दौरान भी प्रस्तुत हो चुकी है। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने आह्वान किया कि सभा में उपस्थित सभी युवा अपने परिवार के साथ अगले चुनाव में मतदान कर भाजपा को 300 से अधिक सीटों पर जिताएंगे, महाराष्ट्र में 45 सीटों से अधिक पर विजयी बनाएंगे और लगातार तीसरी बार आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाएंगे।

********************